an>

Title: Regarding doubling of Gorakhpur Muzaffarpur Rail Line.

श्री सतीश चंद्र दुबे (वाल्मीकि नगर): अध्यक्ष महोदया, मैं अपने संसदीय क्षेत्र की अति महत्वपूर्ण समस्या की तरफ आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। यह केवल मेरे संसदीय क्षेत्र का मामला नहीं है, पूरे उत्तर बिहार का मामला है। गोरखपुर-मुजफ्फरपुर दोहरीकरण का मामला है, वाया बगहा, नरकटियागंज, बेतिया रेलखण्ड को, जो बोर्डर के करीब से होकर जाती है, उसके एक तरफ उत्तर प्रदेश और दूसरी तरफ नेपाल है। इस तरह इस रेल खण्ड का महत्व काफी बढ़ जाता है। इस रेल खण्ड का दोहरीकरण करना बहुत ही जरूरी हो गया है। अगर इस रेल खण्ड का दोहरीकरण हो जाता है तो लाखों-करोड़ों लोगों को फायदा पहुंचेगा और साथ ही देश की सुरक्षा के दृष्टिकोण से काफी जरूरी है। अभी हाल ही में प्रधानमंत्री जी ने इस रेल खण्ड का दोहरीकरण करने की बात एक आम जनसभा में भी कही थी। यह बहुत ही जरूरी है, आज दोहरीकरण नहीं होने के चलते 4-4 घण्टे, 5-5 घण्टे रेल काफी लेट पहुंच रही हैं, एकदम महत्वपूर्ण ट्रेन लेट हो रही हैं। इसका नतीजा यह है कि बहुत से पैसेंजर्स देरी से पहुंचते हैं।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री सतीश चंद्र दुबे के साथ सम्बद्ध होने की अनुमति प्रदान की जाती है।